50 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त ग्रिरफ्तार

श्रावस्ती, 28 अक्टूबर (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना सतीश कुमार शर्मा के निर्देशन में थाना नवीन माडर्न पुलिस एसओजी टीम श्रावस्ती व बलरामपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से मु0अ0सं0 - 157/24 धारा 305ए/331(4) बीएनएस थाना ललिया से सम्बन्धित चोरी व दिनांक 27.10.2024 को मु0अ0सं0 115/2024 धारा 310(2)/317 इठर व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धी अभियुक्त जो दिनांक 14/15.08.2024 की रात्रि में ग्राम शिवानगर चयपुरवा भैरवा नहर के पास से बदमाशो द्वारा भेड़ की रखवाली कर रहे चरवाहो से 50 भेड़ को बल पूर्वक जान माल की धमकी देकर भेड़ो को उठा लिया था। उक्त घटना से सम्बधित प्रकाश

में आये 50 हजार रुपए इनामिया वांछित अभियुक्त नरेश उर्फ रामनरेश सोनकर पुत्र रामपति सोनकर नि0 खटिकनपुरवा इन्स्पेक्टरपुरवा मश0 दिनामगढ़ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को थाना न0मा0पु0थाना जनपद श्रावस्ती क्षेत्रान्तर्गत लोट्स निक्को के आगे समयमाता पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, चूंकि घटना जनपद बलरामपुर से सम्बंधित थी इसलिए अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को बलरामपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने उक्त घटना का सफलतापूर्वक अनावरण करने में अहम भूमिका निभाने वाली एसओजी टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए रु0 20,000/- का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विलखते हुए आते, न्याय पाकर खुश होकर जाते

श्रावस्ती, 28 अक्टूबर (तरूणमित्र)। को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03 भूमि विवाद, 04 पारिवारिक विवाद व 16 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

नवनिर्मित आरक्षी बैरक का शुभारम्भ

गिरंटबाजार। थाना हरदत्त नगर गिरंट में आरक्षी बैरक का निर्माण कराया गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर कर नवनिर्मित आरक्षी बैठक का शुभारम्भ किया। अब नए भवन के निर्माण से पुलिस बल के सदस्यों को रहने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

निवनिर्मित बैरक सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। जिसमें पंखे, बिजली, स्वच्छ पानी व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आरक्षी भोजनालय की व्यवस्था है जहां कर्मी सामूहिक रूप से भोजन कर सकें। इस बैरक की लम्बाई 60 फिट व चौड़ाई 17 फिट है। जिसमें लगभग 30 पुलिस कर्मियों के रहने का प्रबंध किया गया है। एसपी ने कहा कि हमारा

गिरंट थाने के आरक्षी बैरक का लोकार्पण करते एसपी

पुलिस बल कठिन परिश्रम व समर्पण के साथ कार्य करता है। नवनिर्मित आरक्षी बैरक के निर्माण का उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता व सुविधाओं को बढ़ाना होता है। यह बैरक आमतौर पर पुलिस कर्मियों के रहने, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यो के लिए बनाए जाते हैं। बैरक में पंखे, लाइट, स्वच्छ पीने के पानी व अन्य दैनिक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस तरह के निर्माण से पुलिस बल को बेहतर सुरक्षा, प्रशिक्षण व आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है।